# आईजी ने किया परेड का निरीक्षण और जवानों से संवाद

## नशा उन्मूलन की दिलाई शपथ, जवानों ने बताईं अपनी कई समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 24 नवम्बर, मऊगंज जिले में वर्ष 2025 का सैनिक सम्मेलन बड़े ही गरिमापूर्ण माहौल में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे. उन्होंने वार्षिक परेड, बलवा ड्रिल एवं पुलिस बल की तैयारियों का गहन निरीक्षण किया.**



सैनिक सम्मेलन के दौरान आईजी ने पुलिस अधिकारियों एवं आरक्षकों से खुलकर बातचीत की तथा उनके समक्ष आई समस्याओं को सुना. उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा. सम्मेलन में आईजी राजपूत ने पुलिस बल को कोरेक्स नशा एवं अन्य मादक पदार्थों के अवैध कारोबार को जड़ से खत्म करने की शपथ दिलाई. उन्होंने कहा कि रीवा जोन में नशे के कारोबारियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है और किसी भी कीमत पर कोरेक्स बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. पत्रकारों ने जब प्रहार-1 और प्रहार-2 अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल किया तो आईजी ने जवाब देते हुए कहा कि अभियान चाहे कोई भी हो, कार्रवाई लगातार बड़े पैमाने पर जारी है. उन्होंने बताया कि पूरे रीवा संभाग में अब तक 812 तस्करों को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा जा चुका है, जो पुलिस की स्पष्ट मंशा को दर्शाता है. मऊगंज में कुछ पुलिस अधिकारियों पर शराब ठेकेदारों के साथ मिलकर व्यापार करने के आरोपों से जुड़े सवाल पर आईजी राजपूत ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी शिकायत की जानकारी नहीं है और यह विषय मुख्यत: आबकारी विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है. वहीं प्रहार-1 में अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों को बाद में लाइन में भेजे जाने के सवाल पर वे स्पष्ट जवाब नहीं दे सके. पुलिस बल की कमी को लेकर आईजी राजपूत ने कहा कि मार्च 2025 में नए बल की आवंटन प्रक्रिया के बाद मऊगंज जिले में स्टाफ की कमी काफी हद तक दूर हो जाएगी. सैनिक सम्मेलन के दौरान कई अधिकारियों ने जिले से बाहर पदस्थापना की इच्छा भी जताई, जिस पर ड्डत्र ने पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी को संबंधित प्रकरणों पर पत्राचार करने के निर्देश दिए. थाना प्रभारी लौर गोविंद तिवारी ने थाना परिसर के बाहर बाउंड्री वॉल न होने व अतिक्रमण की समस्या रखी, जिस पर आईजी ने उचित समय पर समाधान का आश्वासन दिया. इस दौरान पुलिस अधिकारी मौजूद रहे.

# गुढ़ नगर की सड़क सहित बस स्टैण्ड में आवारा मवेशियों का आतंक जस का तस

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 24 नवम्बर, पिछले विगत माह कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा जिले के साथ साथ गुढ़ नगर पालिका परिषद अधिकारी एवं आस पास के ग्राम पंचायतों को अधिकार पत्र के माध्यम से आदेशित किया गया था कि राष्ट्रीयराज मार्गो नेशनल हाईवे व नगर के अन्दर सडको पर आवारा रूप से बिचरण कर रहे मवेशी जो आवागमन को बंधित कर हादसों को निमंत्रण दे रहे है.**

सभी मवेशियों को सुरक्षित आस पास के सरकारी गौ: शालाओं व कांजी हाउस पहुंचा कर सुरक्षित किया जाय जाय. इस आदेश को लेकर गुढ़ नगर पालिका परिषद अधिकारी श्री के.एन. सिंह द्वारा नगर परिषद के एक दर्जन कर्मचारियों की एक टीम बना कर बस स्टैण्ड एवं नगर के अन्दर व बाईपास में अपना अड्डा बना कर मार्ग बंधित कर रहे मवेशियो को गौ: शालाओं तक पहुंचाने का आदेश तो जारी किया गया और नगर परिषद के कर्मचारियों को मवेशियों को हाकने लज्जा आ गई और आवारा मवेशियो को सुरक्षित स्थान ले जाने में नाकाम रहे और यह मुहिम छोड दिए बाद गुढ़ सीएमओं द्वारा यह आदेश जारी किए कि इन सभी मवेशियों की सींग पर रेडियम लगा दिया जाय जिससे हादसे कम होगे.

लेकिन इन कर्मचारियों ने 10 -12 मवेशियों की सीग पर रेडियम लगा कर फोटो खीच कर अधिकारी महोदय जी को भेज फुर्सत हो गए और गुढ़ का बस स्टैण्ड व सडक इन आवारा मवेशियों का अड्डा बन कर रह गया वही जिला कलेक्टर के आदेश का पालन भी हो गया और सीएमओ साहब के आदेश का पालन इनके कर्मचारियों द्वारा कर दिए और दुकानदारो यात्रियों व वाहनो की समस्या जस की तस रह गई और गुढ़ बस स्टेशन गोवर व आवारा मवेशियो से पट गया.

धन्य है गुढ़ नगर पालिका परिषद और धन्य है अधिकारी और धन्य है नगर पालिका परिषद गुढ़ के कर्म चारी जो फोटो खिचवाने व काम की बजाय फोटो खीच कर प्रशासन को गुमराह कर देते है.

# रायपुर कर्चु . सीएम हेल्पलाइन निराकरण में रहा पहले पायदान पर

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 24 नवम्बर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सीएम हेल्पलाइन 181 में आई शिकायतों का निराकरण कर रायपुर कर्चुलियान विकासखंड अन्य विकासखण्डों को पछाड़कर पहले पायदान पर रहा.**

जबकि दूसरे स्थान पर त्योंथर विकासखंड रहा. शासन स्तर पर अक्टूबर 2025 की जारी ग्रेडिंग में शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर रायपुर कर्चुलियान विकासखंड ने वेटेज स्कोर के आधार पर 100 प्रतिशत अंक हासिल किए. ग्रेडिंग लिस्ट में जिले में ए ग्रेड प्राप्त कर रायपुर कर्चुलियान विकासखंड नया कीर्तिमान स्थापित किया. अतुल तिवारी सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई)ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर पर प्रतिमाह जिले के ब्लॉकों के कार्यो की ग्रेडिंग जारी की जाती है. जिसके अंतर्गत माह अक्टूबर 2025 की ग्रेडिंग जारी हुई है. जिसमें 100% अंक पाकर हमारा रायपुर कर्चुलियान विकासखंड आम जनता के शिकायतों का निराकरण कर पहले पायदान पर रहा. जिले के अन्य विकासखंडों को पछाड़ते हुए वेटेज स्कोर के आधार पर 100.00 अंक प्राप्त करते हुए ए ग्रेड पाकर यह रायपुर कर्चुलियान विकासखंड के लिए बड़ी उपलब्धि है ।सहायक यंत्री अतुल तिवारी ने विभाग के सभी कर्मचारियो के इस मेहनत को लेकर आभार व्यक्त किया है बल्कि यह भी कहा गया है कि इस तरह की मेहनत लगातार चलती रहे और हमारा विकासखंड आम जनता की समस्याओं का निराकरण करने में निरन्तर अव्वल रहे.

# मऊगंज जिले में 330841 मतदाताओं के गणना पत्रक हुए डिजिटाइज्ड

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 24 नवम्बर, निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मऊगंज जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है.**

बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन करके जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं. जिले में 24 नवम्बर को शाम 5 बजे तक 330841 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. यह कुल लक्ष्य का 68.96 प्रतिशत है. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि जिले में कुल 479769 मतदाता दर्ज हैं. इन सभी को गणना पत्रक का वितरण किया जा चुका है. अब तक विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 162957 तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 167884 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. अब तक विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 70.41 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 67.60 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं.



मऊगंज शहर में डिवाइडर के बीच फंसा वाहन

# दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा डिवाइडर, प्रशासन मौन

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 24 नवम्बर, मऊगंज जिले में तीन वर्ष से विकास के नाम पर लुटेरे ठेकेदारों की कुचक्र मानसिकता से नगर वासी त्रस्त और परेशान हैं.**

इस ठेकेदार का ऐसा विकास की जान जोखिम में आ पड़ी है यह अजूबा डिवाइड जब से बनने लगा तो शायद इस तरीके का डिवाइड हर 50 फीट पर टूटा फूटा अनिर्मित डिवाइडर है. सैकड़ो बार यात्री मोटर साइकिल और चार पहिया वाहनों से गिर चुके हैं. पूरा दिन यातायात प्रभावित रहता है और कई लोग अस्पताल तक पहुंच चुके हैं भ्रष्टाचारी ठेकेदार का यह डिवाइड तीन वर्ष से अधूरा बन रहा है भ्रष्टाचार में उनका पूरा सहयोग रहता है कई दलाली करने वाले का भी सहयोग में है कई जगहों पर डिवाइडर नहीं बना और नाली खोद कर छोड़ दिया गया उन नालियों में वाहनों की क्रॉसिंग के समय बड़ी दुर्घटनाएं हो रही है इसी तरीके का आज ताजा मामला खोदी गई नाली में डिवाइड न बनने से वाहन का पहिया धस गया दलदल होने के कारण पिकअप वाहन दलदल में फस गया संयोग था की बड़ी दुर्घटनाएं नहीं हुई हर महीने नई स्ट्रीट लाइट के बल्ब लगाए जाते हैं ओरिजिनल कंपनी के किंतु उपकरण डुप्लीकेट और नगर परिषद से ओरिजिनल कंपनी का बिल भुगतान किया जा रहा है फिर नए उपकरण लगाने के दो दिन बाद ही ज्यादातर खंभों में लगे बल्ब अपर डिपर करने लगते हैं ठेकेदार रतन सिंह द्वारा भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री के निर्माण से जहां जिला प्रशासन जनप्रतिनिधि और आम आदमी भी शर्मिंदगी महसूस कर रहे है पर प्रशासन मौन है.

# रोजगार मेला कल सतपुड़ा आईटीआई मऊगंज में

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 24 नवम्बर, युवा संगम कार्यक्रम के तहत सतपुड़ा आई.टी.आई. मऊगंज में 26 नवम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा.**

रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 15 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा. उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार (म.प्र.), प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा, एच. डी. एफ. सी. लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा आदि कम्पनी भाग लेगी.

# सेमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को मिली नई एम्बुलेंस

**नवभारत न्यूज**

**सेमरिया, 24 नवम्बर, सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सेमरिया को आज एक नई एम्बुलेंस प्रदान की गई. यह एम्बुलेंस स्थानीय विधायक अभय मिश्रा के विशेष प्रयासों से उपलब्ध कराई गई है.**



विधायक अभय मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को रवाना किया. यह एम्बुलेंस क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी. गर्भवती महिलाओं, बुजुर्ग नागरिकों तथा गंभीर रूप से बीमार मरीजों को त्वरित रूप से जिला अस्पताल रीवा अथवा अन्य उच्च चिकित्सा केंद्रों तक पहुँचाने में अब किसी प्रकार की देरी नहीं होगी. एम्बुलेंस में ऑक्सीजन, स्ट्रेचर, प्राथमिक चिकित्सा किट एवं जीपीएस ट्रैकिंग सहित सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हैं. विधायक अभय मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि सेमरिया की जनता का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है. इस एम्बुलेंस के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक समय पर चिकित्सा सुविधा पहुँचे. स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है.

उन्होंने आगे कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल एवं सड़क सुविधाओं के क्षेत्र में निरंतर कार्य जारी रहेगा और आने वाले समय में क्षेत्र को और बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी.

# झलकारीबाई की वीरता और देशभक्ति ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी : शुक्ल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 24 नवम्बर, अखिल भारतीय कोरी समाज द्वारा मानस भवन में वीरांगना झलकारीबाई कोरी की 195वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया.**



समारोह के मुख्य अतिथि के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उप मुख्यमंत्री ने कोरी समाज को इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए वीरांगना झलकारीबाई कोरी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना झलकारीबाई की वीरता और देशक्ति ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी. झलकारीबाई केवल कोरी समाज ही नहीं बल्कि पूरी राष्ट्र की धरोहर हैं. उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध 1857 में किए गए विद्रोह में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की परछाई बनकर स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि झलकारीबाई के जीवन का स्मरण हमें नारीशक्ति, साहस और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है. उनका जीवन समाज और देश को साहस और कर्तव्य की प्रेरणा देता है. उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कोरी समाज को बधाई दी. कार्यक्रम में स्वागत भाषण कोरी समाज के जिला अध्यक्ष राजाराम बुनकर द्वारा दिया गया. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष कार्यवाहक आनंद वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता तथा कोरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह शाक्यवार ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किए. कार्यक्रम में प्रदेश भर से पधारे समाज के जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे.

# बीएलओ कर रहे मतदाताओं का घर पहुंच कर सत्यापन

## गणना पत्रकों का संग्रहण कर डिजिटाइजेशन का कार्य शुरू

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 24 नवम्बर, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मऊगंज जिले में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में मतदाताओं के सत्यापन के साथ ही गणना पत्रकों का संग्रहण कर उनके डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है.**



एसआईआर कार्य को गति देने के लिए मतदान केन्द्रों के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं तथा कार्य को गति देने में बीएलओ को आवश्यक परामर्श भी दे रहे हैं. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में परवारी मतदान केन्द्र क्रमांक 44, नगर परिषद हनुमना के वार्ड क्रमांक 5, 7 एवं 9 सहित अन्य मतदान केन्द्रों में भी गणना पत्रकों की आनलाइन फीडिंग की कार्यवाही की जा रही है.

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये हैं कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य नियत समय सीमा में किया जाना है. अत: इस कार्य को और गति दें.

# शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा एवं सड़क के अभाव का दंश झेल रहा है त्योंथर क्षेत्र का बरहों पार

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 24 नवम्बर, मध्य प्रदेश के उत्तरी आंचल में स्थित रीवा जिले की तहसील त्योंथर का बरहो पार क्षेत्र जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत मांगी, कोरांव ,अमिलिया, पूर्वा, डीही, बसाहट, कोराव आदि क्षेत्र के लोग निवास करते हैं. यह अंचल तमसा और बेलन नदी के कारण भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार मध्यप्रदेश से अलग थलग रहता आता है. प्राय: यहां से लोगों का उत्तर प्रदेश होकर ही आना जाना होता रहा है.**

अब बेलन नदी पर डीह एवं गंदा घाट पर पुल बन जाने से लोगों को मध्य प्रदेश के भूभाग में आना जाना आसान हो गया है. यह बरहों पार क्षेत्र धान उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र है, किंतु इस अंचल में अभी तक स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षा, शिक्षा एवं सड़क की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाई है. जिसके चलते इस अंचल के लोगों भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. पता चला है कि बरहों पार क्षेत्र में अभी तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं है. यहां पर एक आयुर्वेदिक अस्पताल के नाम पर केंद्र खोला गया है जिसकी भवन जर्जर होकर कभी भी धराशाई हो सकती है यहां पर ना तो पर्याप्त आयुर्वेदिक दवाएं रहती और ना ही वहां कोई कर्मचारी नियमित रूप से रहता है यहां के लोगों को उपचार करने के लिए य तो उत्तर प्रदेश के शहरों में जाना पड़ता है अथवा रायपुर सोनोरी तथा चाकघाट आना पड़ता है. बरहों पार क्षेत्र इस मध्य प्रदेश के भूखंड से नदियों के कारण अलग-अलग पड़ जाने से करण यहां अपराध एवं नशीले पदार्थों का विक्रय बे रोक-टोक चलता है. मारपीट, चोरी, लूट एवं ठगी की घटनाओं का यहां बोल बाला है. आजादी के बाद से लेकर अब तक निरंतर मांग किए जाने के बावजूद भी यहां पुलिस थाना अथवा पुलिस चौकी स्थापित नहीं हो पाई है. इस अंचल में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस थाना अथवा पुलिस चौकी की नितांत आवश्यकता है जिसे बनाया जाना चाहिए ।बरहों पार क्षेत्र के ग्रामीणांचलों में यातायात की दृष्टि से सड़क की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है. लोगों कच्ची सड़क से आने जाने में असुविधा होती है. इस क्षेत्र में आवागमन हेतु पर्याप्त सड़कों का निर्माण किया जाना चाहिए. वैसे देखा जाए तो रीवा जिले में सिंचाई के लिए नहर की सुविधा से संपन्न यह पहला क्षेत्र है जहां आजादी के बाद ही उत्तर प्रदेश से संचालित नहरे के कारण इस अंचल के किसानों को नहरों से पानी मिलता है जिसके कारण यह क्षेत्र धान उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र है. इस बरहों पार अंचल को धान का कटोरा भी कहा जाता है. यहां के किसानों को पर्याप्त बिजली तो मिल रही है जिसके कारण यहां धान उत्पादन सर्वाधिक होता है. इस अंचल में शिक्षा के क्षेत्र में कोई महाविद्यालय नहीं है. मांगी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्थापित किए जाने की आवश्यकता है. त्योंथर तहसील की सबसे उर्वरा भूमि बरहों पार क्षेत्र को स्वास्थ्य, शिक्षा सुरक्षा के मामले में संपन्न कर दिया जाए तो यह जिले का अग्रणी क्षेत्र चाकघाट. मध्य प्रदेश के उत्तरी आंचल में स्थित रीवा जिले की तहसील त्योंथर का बरहो पार क्षेत्र जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत मांगी, कोरांव ,अमिलिया, पूर्वा,डीही,बसाहट, कोराव आदि क्षेत्र के लोग निवास करते हैं. यह अंचल तमसा और बेलन नदी के कारण भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार मध्यप्रदेश से अलग थलग रहता आता है. प्राय: यहां से लोगों का उत्तर प्रदेश होकर ही आना जाना होता रहा है. अब बेलन नदी पर डीह एवं गंदा घाट पर पुल बन जाने से लोगों को मध्य प्रदेश के भूभाग में आना जाना आसान हो गया है. यह बरहों पार क्षेत्र धान उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र है, किंतु इस अंचल में अभी तक स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षा, शिक्षा एवं सड़क की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाई है. जिसके चलते इस अंचल के लोगों भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. पता चला है कि बरहों पार क्षेत्र में अभी तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं है. यहां पर एक आयुर्वेदिक अस्पताल के नाम पर केंद्र खोला गया है जिसकी भवन जर्जर होकर कभी भी धराशाई हो सकती है यहां पर ना तो पर्याप्त आयुर्वेदिक दवाएं रहती और ना ही वहां कोई कर्मचारी नियमित रूप से रहता है यहां के लोगों को उपचार करने के लिए य तो उत्तर प्रदेश के शहरों में जाना पड़ता है अथवा रायपुर सोनोरी तथा चाकघाट आना पड़ता है. बरहों पार क्षेत्र इस मध्य प्रदेश के भूखंड से नदियों के कारण अलग-अलग पड़ जाने से करण यहां अपराध एवं नशीले पदार्थों का विक्रय बे रोक-टोक चलता है. मारपीट, चोरी, लूट एवं ठगी की घटनाओं का यहां बोल बाला है. आजादी के बाद से लेकर अब तक निरंतर मांग किए जाने के बावजूद भी ना तो पुलिस चौकी स्थापित हो पाई और ना ही पुलिस थाना बन सका इस अंचल में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस थाना अथवा पुलिस चौकी की नितांत आवश्यकता है जिसकी पूर्ति की जानी चाहिए पर क्षेत्र के ग्रामीणों में यातायात की दृष्टि से सड़क का पर्याप्त व्यवस्था नहीं है लोगों कच्ची सड़क से आने जाने में असुविधा होती है इस मार्ग में इस क्षेत्र में आवागमन के पर्याप्त सड़क मार्ग उपलब्ध कराई जानी चाहिए. बरहों पर क्षेत्र में बैंक की भी आवश्यकता है. वैसे देखा जाए तो रीवा जिले में सिंचाई की के लिए नहर की सुविधा से संपन्न नया पहले क्षेत्र है जहां आजादी के बाद ही उत्तर प्रदेश से संचालित नहरे के कारण इस अंचल के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है जिसके कारण यह क्षेत्र धान उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र है इस अंचल में से धान का कटोरा भी कहा जाता है यहां के किसानों को पर्याप्त बिजली मिल रही है जिसके कारण यहां धान उत्पादन सर्वाधिक होता है इस अंचल में शिक्षा के क्षेत्र में कोई महाविद्यालय नहीं है मांगी में शासकीय विद्यालय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की आवश्यकता है जिसकी पूर्ति की जानी चाहिए. इस अंचल में स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, सुरक्षा एवं सड़क की समुचित व्यवस्था कर दी जाए तो यह क्षेत्र जिले का सबसे विकसित अग्रणी क्षेत्र बन सकता है.